भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतरांकित प्रश्न संख्या 1952
गुरुवार, 14 दिसंबर, 2023 / 23 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नागापट्टिनम में विमानपत्तन

1952 श्री एम.सेल्वराज:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या केन्द्र सरकार का देश भर के तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए नागापट्टिनम, तमिलनाडु में विमानपत्तन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): भारत सरकार ने, देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को विकसित किए जाने के उद्देश्य से ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, राज्य सरकार सहित कोई भी विकासकर्ता, यदि हवाईअड्डे का विकास करना चाहता है, तो उनके द्वारा उपयुक्त स्थल की पहचान की जानी है और उसके बाद हवाईअड्डे के निर्माण हेतु पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करवाकर, केंद्र सरकार के पास 'साइट क्लीयरेंस' तथा इसके बाद 'सैद्धांतिक' अनुमोदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

इस नीति के तहत भारत सरकार को अब तक, नागापट्टिनम, तमिलनाडु में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना हेतु, न तो तमिलनाडु सरकार और न ही किसी हवाईअड्डा विकासकर्ता से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

*****